भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1439**

दिनांक 02.12.2014/ 11 अग्रहायण, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर**

**1439. श्री टी0जी0 वेंकटेश बाबू :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के सृजन/तैयार किए जाने की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) इस संबंध में अब तक कुल कितनी निधियां प्रदान और उपयोग की गई; और
(ग) एन० पी० आर० के कब तक पूरा किए जाने की संभावना हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क): राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) सामान्य निवासियों का रजिस्टर है जिसमें नागरिकों और गैर-नागरिकों को शामिल किया गया है। एनपीआर के लिए सम्पूर्ण देश का जनांकिकी डाटा 2010 में पहले ही एकत्र किया जा चुका है और 118 करोड़ व्यक्तियों का इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस सृजित कर डिजिटाइज भी किया जा चुका है। एनपीआर के अंतर्गत 26 करोड़ से भी अधिक व्यक्तियों का बायोमेट्रिक नामांकन पूरा किया जा चुका है।**

**(ख): देश भर में एनपीआर तैयार करने की योजना 6649.05 करोड़ रु० की अनुमानित लागत से स्वीकृत की गई है जिसमें से 31.10.2014 तक 4411 करोड़ रु० की राशि का उपयोग किया जा चुका है।**

**(ग): 12 एनपीआर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों अर्थात जम्मू और कश्मीर, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, लक्षद्वीप,**

**तमिलनाडु और दादरा एवं नगर हवेली में बायोमेट्रिक नामांकन जून, 2015 तक पूरा कर लिया जाएगा।**

**------**